बुजुर्ग महिला व दो नौकरों को बंधक बनाकर 50 लाख के जेवर व 7 लाख की नगदी लूटी

एक सप्ताह पहले काम पर रखी नेपाली नौकरानी ने रची लूट की साजिश

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मोती डूंगरी इलाके में एक बुजुर्ग महिला और दो नौकरों को बंधक बनाकर बदमाश 50 लाख के सोने - चांदी के जेवरात और 7 लाख रुपए नगद लूटकर फरार हो गए। मंगलवार सुबह 6 बजे पुलिस को घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की गई है। बुजुर्ग महिला की हालत ठीक बताई जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी ने बताया कि मोती डूंगरी इलाके में स्थित सोनी अस्पताल के पास देवी नगर में रहने वाली मंजू कोठारी (75) के घर में लूट की वारदात हुई है। लूट की वारदात में एक सप्ताह पहले काम पर रखी एक नेपाली नौकरानी सावित्री शामिल है। उसने बाहर से दो लोगों को घर पर बुलाया था। आरोपित सावित्री ने सोमवार देर रात दरवाजा खोलकर दो बदमाशों को घर में प्रवेश करवाया। इस दौरान मंजू कोठारी और उनके दोनों नौकर अपने कमरों में थे।

बदमाशों ने पहले दोनों नौकर फिर मंजू देवी के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बनाया। मंजू कोठारी के रूम की अलमारी को खोल कर बदमाशों ने 7 लाख रुपए नगद और करीब 50 लाख रुपए के जेवरात और अन्य सामान लूट कर फरार हो गए। नौकरानी सावित्री वारदात के बाद इन दोनों बदमाशों के साथ एक कैब से निकल गई। जांच में सामने आया कि घायल मंजू कोठारी (75) के पति का साल 2007 में देहांत हो गया था। इनका ज्वैलरी का बिजनेस था।

पति के देहांत के बाद से वह अपने नौकरों के साथ इस मकान पर रह रही थी। परिचित के कहने पर एक सप्ताह पहले ही उन्होंने नेपाली नौकरानी सावित्री को रखा था।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बदमाशों को पकड़ने के लिए कुछ टीमें बनाई हैं। जो टीम बदमाशों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। वहीं एक टीम पीड़िता के साथ घटना से जुड़ी जानकारी के लिए विस्तार से बात कर रही है। नौकरानी सावित्री को लेकर पुलिस के हाथ कई सुराग लगे है। पुलिस इस आधार पर नौकरानी और उसके साथियों की तलाश कर रही है।

मोती डूंगरी इलाके में सोनी अस्पताल के पास देवी नगर में लूट की वारदात के बाद पुलिस और एफ.एस.एल. टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

- मोतीडूंगरी इलाके में सोनी हॉस्पिटल के पीछे देवी नगर में हुई वारदात
- नौकरानी सावित्री ने सोमवार देर रात दो बदमाशों को घर के अंदर प्रवेश कराया था
- तीनों बदमाशों ने वृद्धा और पुराने दोनों नौकरों को बंधक बनाकर मारपीट और लूटपाट की

कंटेनर ट्रेलर में घुसने से चालक की मौत

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । दौतलपुरा इलाके में तेज रफ्तार ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में कंटेनर चालक की मौत हो गई। जो कंटेनर में सामान भरकर दिल्ली से मुंबई लेकर जा रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस फरार ट्रेलर व ड्राइवर की तलाश कर रही है।

हैड कांस्टेबल सुखीराम ने बताया कि हादसे में रुद्र बहादुर थापा (49) निवासी अहमदाबाद गुजरात की मौत हो गई। वह कंटेनर चलाने का काम करता था। वह कंटेनर में दिल्ली से माल भरकर मुम्बई जा रहा था और मंगलवार सुबह दौलतपुरा टोल प्लाजा से पहले बगवाड़ा में ओवर स्पीड ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। उसके पीछे चल रहे कंटेनर चालक रुद्र बहादुर ने ब्रेक लगाकर रोकने का प्रयास किया। परंतु समय रहते गाड़ी रोक नहीं पाने के कारण ट्रेलर के पीछे कंटेनर जा घुसा। हादसे के बाद मौके से चालक ट्रेलर को भागा ले गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कंटेनर के क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे चालक को कडी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इस हादसे में गंभीर हालत में घायल चालक को शास्त्री नगर स्थित कांवटिया अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रेलर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रेलर व ड्राइवर की तलाश में जुटी है।

अब आमजन से सुझाव लेकर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारेगी पुलिस

- जयपुर यातायात पुलिस ने बनाई हेल्पलाइन

जयपुर । राजधानी जयपुर में ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारू संचालन को और बेहतर बनाना पुलिस के टारगेट पर है। जयपुर ट्रैफिक पुलिस की ओर से यातायात व्यवस्था सही करने के लिए आमजन से सुझावों के लिए हैल्पलाइन शुरू की है। लोगों की ओर से मिलने वाले सुझावों पर परीक्षण के बाद पुलिस की ओर से लागू किया जाएगा।

पुलिस उपायुक्त जयपुर यातायात सागर राणा ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस की ओर से जयपुर में ट्रैफिक के सुगम व सुरक्षित संचालन के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारू संचालन में रोड पर रोज निकलने वाले लोगों के अनुभव एवं विचारें की सार्थक भूमिका रहती है।

ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आमजन के विचारों और सुझावों के लिए हैल्पलाइन शुरू की गई है। ट्रैफिक व्यवस्था और बेहतर बनाने के उद्देश्य से ट्रैफिक संबंधित फोटो-वीडियो के जरिए से भी मोबाइल नंबर 9530427700 पर वॉट्सऐप या कॉल कर दे सकते है। इसके अतिरिक्त ई-मेल के जरिए भी भेज सकते है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से संबंधित विभाग से समन्वय कर उनका निस्तारण करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस की ओर से आमजन से मिले सुझावों का संबंधित अधिकारी से परीक्षण कराकर लागू किया जाएगा।

आमजन से अपील है कि जयपुर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और बेहतर बनाने के लिए अधिक से अधिक सुझावों और विचारों को हेल्प लाइन नंबर के जरिए शेयर करें। साथ ही अपने मोबाइल नंबर उपलब्ध करवाए, जिससे परीक्षण के बाद लागू किए जाने पर सूचित किया जा सके।

नये हर्टेक्ट-ई प्लेटफार्म पर बनी है "मारूति सुजुकी ई-विटारा"

जयपुर (कासं)। मारुति सुजुकी ई-विटारा डीकार्बोनाइजेशन और सस्टेनेबल मोबिलिटी की दिशा में कंपनी की यात्रा में एक बड़ी छलांग है।

एमएसआईएल के मार्केटिंग और सेल्स के सीनियर एक्जीक्यूटिव ऑफिसर पार्थो बनर्जी ने बताया कि बिल्कुल नए हर्टेक्ट-ई प्लैटफ़ॉर्म पर निर्मित, यह भविष्य के डिज़ाइन और प्रीमियम अनुभव को मूर्त रूप देते हुए बेहतर प्रदर्शन प्रदान करता है। 7 एयरबैग और लेवल 2 एडास के साथ सुरक्षा एक प्राथमिकता है, साथ ही नेक्स्ट-जेन सुजुकी कनेक्ट 60 से अधिक सुविधाएँ प्रदान करता है। ई-फॉर मी इकोसिस्टम में स्मार्ट होम चार्जर, डीलरशिप पर तेज़ डीसी चार्जर और सहज चार्जिंग समाधान के लिए एक ऐप शामिल है। घरेलू और 100 से अधिक वैश्विक बाज़ारों के लिए भारत में निर्मित, ई-विटारा मारुति सुजुकी की नवाचार और मेक इन इंडिया विज़न के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

फिल्म डी.डी.एल.जे. के नाम रहा जिफ का आखिरी दिन

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आखिरी दिन मंगलवार को देश-विदेश के 650 से अधिक फिल्ममेकर्स ने जयपुर में शिरकत की।

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर में चल रहे पांच दिवसीय जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ)-2025 के आखिरी दिन मंगलवार को देश-विदेश से आए 650 से अधिक फिल्ममेकर्स ने जयपुर में शिरकत की और स्थानीय फिल्म प्रेमियों के साथ अपनी कहानियां और अनुभव साझा किए। यह फेस्टिवल न केवल सिनेमा का जश्न था, बल्कि राजस्थान और भारत में फिल्म उद्योग के विकास का एक महत्वपूर्ण मंच भी साबित हुआ। जिफ के फाउंडर, डायरेक्टर हनु रोज ने कहा कि जनवरी 2026 में फिर मिलेंगे। इस आयोजन ने जयपुर, राजस्थान और भारत को विश्व सिनेमा समुदाय से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास किया। देश-विदेश से आए 650 से अधिक फिल्ममेकर्स ने जयपुर में शिरकत की और स्थानीय फिल्म प्रेमियों के साथ अपनी कहानियां और अनुभव साझा किए। यह फेस्टिवल न केवल सिनेमा का जश्न था, बल्कि राजस्थान और भारत में फिल्म उद्योग के विकास का एक महत्वपूर्ण मंच भी साबित हुआ। मंगलवार को 62 फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। सिनेमा प्रेमियों ने 48 देशों की 240 फिल्मों का लुत्फ उठाया और हर स्क्रीनिंग पर उत्साह देखने को मिला। डीडीएलजे : दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे की स्क्रीनिंग में दर्शकों का हूटिंग और तालियों के साथ स्वागत हुआ। राजस्थान से श्रवण सागर की भड़खमा और हास्य और ऊर्जा का तड़का लगाती हसीथ गोली की ब्लॉकबस्टर तेलुगु कॉमेडी-ड्रामा स्वैग को दर्शकों ने खूब पसंद किया। सिनेमा ऑन व्हील्स के तहत 25 फिल्मों की अनूठी स्क्रीनिंग ने दर्शकों को एक नए अंदाज में सिनेमा का आनंद लेने का अवसर दिया।

रेलवे कर्मचारी की आत्महत्या पर हंगामा

सैकड़ों आक्रोशित कर्मचारियों ने मंगलवार को जगतपुरा स्थित उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय भवन पर एकत्रित होकर विरोध-प्रदर्शन और नारेबाजी की

जयपुर । जगतपुरा स्थित उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय में सोमवार को सहायक कार्यालय अधीक्षक नरसी मीणा (59) के आत्महत्या के बाद कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। जहां मंगलवार को मुख्यालय परिसर में कर्मचारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी, अधिकारियों पर काम के दबाव और कर्मचारियों के साथ अनुचित व्यवहार के आरोप लगा रहे है।

रेलवे कर्मचारी संगठनों ने घटना को प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। संगठनों का कहना है कि काम का अत्यधिक दबाव और अधिकारियों का असंवेदनशील रवैया कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मीणा के परिवार को मुआवजा और घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

- मृतक नरसी मीणा ने सुसाइड नोट में उच्चाधिकारियों पर परेशान करने और छुट्टी नहीं देने का आरोप लगाया था

नरसी मीणा मूल रूप से अलवर जिले के टहला गांव के रहने वाले थे और वर्तमान में जगतपुरा के रेलवे अपार्टमेंट में परिवार के साथ रह रहे थे। चार महीने पहले ही उनकी पोस्टिंग जयपुर में हुई थी। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। मीणा अगले साल रिटायर होने वाले थे। इस घटना ने रेलवे मुख्यालय में कर्मचारियों के बीच प्रशासनिक व्यवहार और काम के दबाव को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि नरसी मीणा ने सोमवार को जगतपुरा स्थित रेलवे मुख्यालय के बेसमेंट में अग्निशमन पाइप पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उनके पास मिले सुसाइड नोट में उन्होंने अधिकारियों की ओर से परेशान करने और छुट्टी नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है। मीणा की बेटी की शादी अप्रैल में तय थी। वह छुट्टी के लिए लंबे समय से अधिकारियों से निवेदन कर रहे थे। लेकिन उन्हें मंजूरी नहीं दी गई। जवाहर सर्किल थानाधिकारी विनोद सांखला ने बताया कि सोमवार सुबह नरसी मीणा कार्यालय पहुंचे थे। कुछ देर बाद ही अपनी टेबल छोड़कर चले गए। लंच टाइम में जब वह नहीं मिले तो कर्मचारियों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। बेसमेंट में वह अग्निशमन पाइप से लटके पाए गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जगतपुरा स्थित उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय में सहायक कार्यालय अधीक्षक नरसी मीणा की आत्महत्या की जांच की मांग को लेकर मंगलवार को आक्रोशित कर्मचारियों ने हंगामा किया।

सार-समाचार

ऑटो चालक को लूटने वाले गिरफ्तार

जयपुर । अशोकनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सवारी बन कर ऑटो चालक के साथ लूटपाट करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पकड़ा है और उनके पास से लूट गया ऑटो रिक्शा भी बरामद किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि अशोकनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सवारी बन कर ऑटो चालक के साथ लूटपाट करने वाले विनय उर्फ छोटू निवासी फुलेरा जिला जयपुर हाल करधनी और रवि कुमार निवासी दादिया जिला सीकर हाल अशोक नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटा गया ऑटो, मोबाइल फोन और नगदी भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सवारी बनाकर लूटपाट करते हैं। इस संबंध में पीड़ित प शराफत खान ने मामला दर्ज करवाया था कि सिंधी कैंप से आरोपियों ने सी स्कीम के लिए ऑटो रिक्शा 100 में किराए पर लिया था। इसके बाद 22 गोदाम पर ऑटो चालक शराफत खान के साथ की मारपीट और लूटपाट कर मोबाइल फोन, 1 हजार 500 कैश और ऑटो लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

जयपुर (कासं)। बियानी ग्रुप ऑफ़ कालेज कालवाड़ में आर.टी.ओ. 2 एवं कम्युनिटी फॉर सेफर रोड्स संस्था द्वारा "रोड सेफ्टी मंथ" के तहत रोड सेफ्टी ओरिएंटेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आरटीओ इन्सपेक्टर दिनेश सिंह ने सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी एवं लाइसेंस प्रक्रिया के बारे में बताया। कार्यक्रम में संस्था की निशा बग्गा ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 134 में गुड समरिटन का जिक्र करते हुए कहा कि पीड़ित की सहायता करने वालों को तकलीफ देने की बजाय सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र और धन राशि देकर सम्मानित भी किया जायगा। कार्स संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व आईजी श्री आनंद वर्धन शुक्ला ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया।

14 तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" अभियान के तहत प्रताप नगर, जवाहर नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, कानोता, सांगानेर सदर, करधनी एवं झोटवाड़ा थाना में में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ नौ मामले दर्ज कर पांच अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करों सहित चौदह तस्करों को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ कोकीन 91.20 ग्राम, स्मैक 3.04 ग्राम, गांजा 455 ग्राम, बिक्री की राशि 66 हजार रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया और दुपहिया वाहन बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार जब्त मादक पदार्थ कोकीन की अंतर्राष्ट्रीय कीमत 46 लाख रुपये है।

3 हजार 552 प्रतिबंधित नशीली टैबलेट्स पकड़ीं

जयपुर । नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने 3 हजार 552 प्रतिबंधित नशीली टैबलेट्स जब्त कर एक आरोपित को पकडा है। एनसीबी के अनुसार जब्त की गई नशीली टैबलेट्स की बाजार कीमत 14 लाख 20 हजार रुपये हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल यूनिट घनश्याम सोनी ने बताया कि मानस पोर्टल (1933) पर मिली शिकायत और उसके आधार पर मिल रही खुफिया जानकारी पर काम करते हुए टीम ने अग्रवाल मेडिकल एंड जनरल स्टोर सिरसी रोड पांच्यावाला पहुंची । जहां टीम के अधिकारियों की ओर से तलाशी करने पर मौके से 3 हजार 552 प्रतिबंधित टैबलेट्स और कैप्सूल्स,नशीली दवाएं जब्त कर आरोपित युवक नवल किशोर कुमावत निवासी बिंदायका को गिरफ्तार किया है।

- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 14.20 लाख रु. की इन नशीली दवाओं के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया

बदमाशों ने शीशा तोड़कर लग्जरी कार चुराई

जयपुर । आदर्श नगर थाना इलाके में चोर ने कार का शीशा तोड़कर टाटा हैरियर कार चोरी कर ली। कार चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की सूचना मिलने पर इलाके में नाकाबंदी कराई। लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल जगदीश ने बताया कि एसएमएस अस्पताल में डीएम कर रहे डॉक्टर गुरजीत सिंह ने कार चोरी का मामला दर्ज करवाकया है कि उनकी टाटा हैरियर गाडी 19 जनवरी की रात राजापार्क की गली नंबर 3 के एक मकान के बाहर खड़ी की थी। कार को हर दिन की तरह घर के बाहर की खड़ा किया था। 20 जनवरी को सुबह जब बाहर आकर देखा तो गाड़ी नहीं मिली। इस कुछ देर तक इधर-उधर देखा, लेकिन गाड़ी नहीं मिली। इस पर पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी। गश्ती दल मौके पर पहुंचा। आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें एक आई 10 कार दिखाई दे रही है। इसमें एक युवक हैरियर कार के पीछे अपनी कार लगाता है। फिर कार की दूसरी तरफ से एक युवक बाहर निकल कर कार का शीशा तोड़ता दिखाई दे रहा है। हलचल होने पर आरोपी अपने अन्य साथी के साथ कार से निकल जाता है। कुछ समय बाद बदमाश लौटकर कार को चुरा ले जाते है।

जे.एल.एफ. में नामी लेखकों सहित 600 हस्तियां आएंगी

- 30 जनवरी से 3 फरवरी तक होटल क्लार्क्स आमेर में चलेगा उत्सवी जश्न

जयपुर (कासं)। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 18वें संस्करण का आगाज 30 जनवरी को यहां जेएलएन मार्ग स्थित होटल क्लार्क्स आमेर में होगा। तीन फरवरी तक होने वाले जेएलएफ में शब्दों के शामियाने सजेंगे। आयोजक टीमवर्क आर्ट्स ने हाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की एक शानदार झलक पेश की। टीमवर्क आर्ट्स के फेस्टिवल प्रोड्यूसर और मैनेजिंग डायरेक्टर संजॉय के.ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि फेस्टिवल का खास आकर्षण कविता के क्षेत्र दिया जाने वाला प्रतिष्ठित कन्हैया लाल सेठिया पुरस्कार होगा। इस बार हिंदी के प्रख्यात कवि बद्री नारायण को यह पुरस्कार दिया जाएगा।

इस वर्ष फेस्टिवल की थीम उन कथाओं पर आधारित रहेगी जो हमारी दुनिया को आकार देती हैं। मुख्य विषयों में द फ्रैक्चर्ड वर्ल्ड शामिल है, जिसमें वर्तमान वैश्विक -राजनीति, युद्ध और संघर्ष पर सत्र होंगे, साथ ही थिएटर, नृत्य, संगीत, कविता, सिनेमा, खेल, भोजन, जलवायु और कई अन्य विषयों पर भी सत्र होंगे। इन क्षेत्रों के प्रसिद्ध विशेषज्ञ संवाद को समृद्ध बनाने के लिए फेस्टिवल का हिस्सा होंगे। नोबेल -बुकर पुरस्कार विजेताओं से लेकर नीति-निर्माताओं और प्रसिद्ध लेखकों समेत लगभग 600 हस्तियां इस बार फेस्टिवल में शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि पिछले 18 साल में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल विचारों और कहानियों का एक सच्चा उत्सव बन गया है, और इसकी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय जयपुर शहर और इसके नागरिकों को जाता है। होटल क्लार्क्स आमेर के मैनेजिंग डायरेक्टर अपूर्व कुमार ने कहा कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल सांस्कृतिक और बौद्धिक एकता का प्रतीक है। फेस्टिवल के सह-निदेशक विलियम डेलरिम्पल ने कहा कि यह फेस्टिवल एक वैश्विक मंच है जो साहित्य का जश्न मनाता है। पुरस्कार विजेता लेखिका और फेस्टिवल सह-निदेशक नमिता गोखले ने कहा कि गुलाबी शहर की शानदार विरासत, परंपरा और आधुनिक महानगरीय जीवन का मिश्रण इस फेस्टिवल की मूल प्रेरणा है। बिश्नोई समुदाय के पर्यावरण-प्रेमी कार्यकर्ताओं को फेस्टिवल का हिस्सा बनाना गौरव की बात है।

नवनियुक्त अभियंताओं की क्षमता संवर्धन में मील का पत्थर साबित होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम : गालरिया

जयपुर । राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में नवनियुक्त अभियंताओं के प्रशिक्षण के लिए राजधानी जयपुर स्थित एम.एन.आई.टी. में 5 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू हुआ। जिसमे 92 परियोजना अभियंता, कनिष्ठ सिविल 7, परियोजना अभियंता कनिष्ठ विद्युत 4, वरिष्ठ एवं 1 कनिष्ठ प्रारूपकार समेत कुल 104 परिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आवासन मण्डल के अध्यक्ष एवं नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने नवनियुक्त अभियंताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। गालरिया ने कहा कि प्रशिक्षण ही जीवन की प्रथम मंजिल है, व्यक्ति के जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं होती है, अभ्यास से ही वह अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो जाता है। उन्होंने कहा कि नव-नियुक्त इंजीनियर के रूप में, आपका कार्य केवल इमारत बनाना नहीं है, बल्कि नगरीय विकास की प्रगति और समृद्धि की नींव को मजबूत करना है। आज के तेज़ी से बदलते समय में, हमें कुछ नया और अलग सोचने की आवश्यकता है। नवीन विचारों को अपनाएं और निर्माण क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और विधियों को सीखें।हमे परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए उत्कृष्टता की ओर बढ़ना है। उन्होंने मण्डल की सराहना करते हुए कहा कि नवनियुक्त अभियंताओं की क्षमता संवर्धन में प्रशिक्षण कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा।

नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया व आवासन मंडल कमिश्नर डॉ. रश्मि शर्मा ने संबोधित किया।

- एम.एन.आई.टी. में शुरू हुआ आवासन मंडल के नवनियुक्त अभियंताओं के पांच दिवसीय प्रशिक्षण

आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि प्रदेश में जारी परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूर्ण करने, जनहित से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने, आमजन के आशियाने का सपना साकार करने, मंडल में कार्मिकों की कमी को दूर करने एवं बेरोजगार युवाओं को राजकीय सेवा में अवसर देने हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी । जिसके तहत कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर), डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (सूचना सहायक), परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (सिविल), परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (विद्युत), वरिष्ठ प्रारूपकार, कनिष्ठ प्रारूपकार, विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी), कनिष्ठ लेखाकार, कनिष्ठ सहायक के पदों की भर्ती कम्प्यूटर आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व और मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन में हाऊसिंग बोर्ड ने इन भर्तियों में सफल हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि अभियंताओं को इस 5 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में विभाग की कार्य पद्धित के साथ-साथ तकनीकी विषयों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण अवधि में प्रतिदिन विभिन्न सत्र होंगे, जिसमें विभाग के वरिष्ठ अभियंताओं एवं अधिकारियों द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। समारोह में आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, सचिव डॉ. अनिल पालीवाल, मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्य अभियंता मुख्यालय टीएस मीणा सहित अन्य अधिकारी, एमएनआईटी के प्रोफेसर एवं सभी प्रीक्षणार्थी उपस्थित रहे ।